दिनांक 06.03.2018

**स्वच्छ भारत अभियान** **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

# महापौर देवेन्द्र यादव ने जोन 04 शिवाजी नगर वार्ड 39 पुरैना में चौपाल लगाया गया

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर श्री देवेन्द्र यादव द्वारा ''भिलाई के गोठ'' के कार्यक्रम के अंतर्गत आज जोन 04 शिवाजी नगर क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 39 पुरैना क्षेत्र का भ्रमण करते हुए वार्ड के गणमान्य नागरिकों के साथ चौपाल लगाई एवं वार्ड के नागरिकों से रुबरु होकर जनसमस्याओं से अवगत हुए। महापौर श्री यादव ने आज प्रातः 07 बजे से पुरैना पहुंचकर सामुदायिक भवन से पुरानी बस्ती, शिवाजी चौक, मछली मार्केट, देवांगन पारा, स्टोर पारा, शा.प्रा.शाला स्टोर पारा, जागृति चौक, उड़िया मोहल्ला, दीपक चौक, जगदम्बा चौक, शिव मंदिर तालाब, का भ्रमण करते हुए वार्ड में बन रहे निर्माणाधीन पानी टंकी का निरीक्षण किया।

निगम महापौर श्री यादव के वार्ड भ्रमण के दौरान नागरिकों ने मुख्य रुप से पानी, बिजली, साफ–सफाई, संधारण, खुले नल में टोटी लगाने, नाली की सफाई नियमित नहीं होने की शिकायत की गई तथा निगम के सफाई कर्मचारी नियमित रुप से वार्ड में नहीं आते हैं जिसके कारण नालियां जाम हो जाती है और बदबू से रहवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस पर महापौर ने सक्त नाराजगी व्यक्त करते हुए स्वच्छता निरीक्षक से मौके पर ही जानकारी प्राप्त कर लापरवाही बरतने वाले सफाई कर्मचारी नरेन्द्र भारती को फटकार लगाते हुए कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने के निर्देश जोन आयुक्त को दिये तथा स्वच्छता निरीक्षक श्री पाण्डेय को निर्देशित किया कि वे जाम हुए नाली की पानी निकासी एवं सफाई के कार्य तत्काल आज ही करावें। वार्ड भ्रमण के दौरान स्ट्रीट लाईट चालू अवस्था में पाये जाने पर उन्होने तत्काल जोन आयुक्त को निर्देशित किया कि वे एम.पी.ई.बी. को पत्र प्रेषित करें । नागरिकों द्वारा पानी की समस्या की मांग पर महापौर श्री यादव ने जोन के सहायक यंत्री श्री अखिलेश चन्द्राकर से मौके पर ही जानकारी चाही गई इस पर श्री चन्द्राकर ने बताया कि डी.आई. पाईप लाइन 17 कि.मी. में व्यवस्थित किया जाना है अभी 10 किलोमीटर का कार्य पूर्ण किया जा चुका है खुले नल का सर्वे कर टोटी लगाई जावेगी।

पुरैना बस्ती से स्टोर पारा पहुंच मार्ग के बीच में रेलवे अंडर ब्रिज के सड़क संधारण की मांग पर महापौर यादव ने एन.एच.पी.सी.एल. के डीजीएम श्री महापात्रा से दुरभाष पर चर्चा कर निर्देशित किया गया कि वे अपने संस्था के एवं निगम के अधिकारियों के साथ संयुक्त रुप से स्थल निरीक्षण कर व्यवस्था सुनिश्चित करें। नागरिकों द्वारा सिटी बस पुरैना बस्ती तक चलाये जाने की भी मांग रखी। युवाओं द्वारा खेल मैदान समतलीकरण किये जाने की मांग पर जोन आयुक्त को निर्देशित किया गया। इस सबंध में कार्य योजना तैयार कर उक्त समस्या का निराकरण करें। चौपाल के दौरान वार्ड की महिलाएं, पुरुष एकत्रित होकर अपनी समस्या बताई जिसके निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित अधिकारी को दिये गये।

चौपाल के दौरान वार्ड पार्षद भैरव सिंह सोनवानी, जॉन बाबू, मेहन बघेल, मोहन साहू, रोहित कुमार, पी. श्यामराव, महंती नाग, जी. सूर्यप्रताप, सहायक अभियंता अखिलेश च्रन्द्राकर, उपअभियंता योगेश साहू, सहायक राजस्व अधिकारी डी.पी. शर्मा, स्वच्छता निरीक्षक महेश पाण्डेय, सहित वार्ड के प्रबुद्ध नागरिक एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

महापौर का भ्रमण कार्यक्रम 07 मार्च को सुबह 07 बजे जोन 6 रिसाली वार्ड 63 रुआबांधा बस्ती में पहुंचकर वार्ड के नागरिकों से रुबरु होंगे।

**जन सम्पर्क अधिकारी**